# कार्यालय उप निदेशक, सूचना, झांसी मण्डल, झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस-निरीक्षा/20 - दिनांक :

समाचार पत्र का नाम........दैनिक हिन्दुस्तान कानपुर (उ0 प्र0) दिनांकः 19 NOV 2014

## नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर देखी सफाई व्यवस्था

झांसी | निज संवाददाता

नगर आयुक्त अरुण प्रकाश ने मंगलवार सुबह तीन वार्डों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखी। इस मौके पर उन्होंने सफाईकर्मियों की उपस्थिति की जांच कराई। जहां कुछ कर्मचारियों के मौके पर मौजूद न होने पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी से कार्रवाई के आदेश दिये।

वार्डों में सड़क, गलियों एवं नालियों की सफाई व्यवस्था देखने के लिये नगर आयुक्त अरुण प्रकाश नगर स्वास्थ्य अधिकारी राकेश बाबू, जोनल सफाई अधिकारी महेश वर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक रवि निरंजन के साथ अन्य अधिकारियों की टीम सुबह वार्ड नम्बर 32 नंदनपुरा द्वितीय, वार्ड नम्बर 16 इसाई टोला द्वितीय एवं वार्ड नम्बर 34 नंदनपुर द्वितीय पहुंचे। सभी प्रमुख सड़कों पर सफाई मिली, लेकिन गलियों में सफाई कार्य संतोष जनक पाया गया। इस बीच नालियों की सफाई न होने के कारण बजबजा रही गंदगी को देख नगर आयुक्त ने मौके पर सफाईकर्मियों को बुलाकर सफाई कराई व सिल्ट उठान का काम मौके पर कराया। इस बीच नगर आयुक्त ने हवलदारों से मस्टर रोल मांगा व सफाईकर्मियों की मौजूदगी की जांच कराई। इस बीच कुछ कर्मचारी भी वार्डों से अनुपस्थित मिले।

## जेई पर निर्माण कार्यों की जांच पर बिफरे ठेकेदार

झांसी। नगर आयुक्त अरुण प्रकाश द्वारा अवर अभियंताओं के कार्य विभाजन के साथ निर्माण कार्यों की जांच के दायित्व सौंपने पर ठेकेदारों ने विरोध जताना शुरू कर दिया है। ठेकेदार इस सम्बंध में नगर आयुक्त को ज्ञापन देने की तैयारी में हैं।

नगर निगम में जेई विनोद सोनी के निलम्बन के बाद जेई के वार्ड में काम करने के लिये शेष जेई को दायित्व सौंप दिया था। हाल में ही जेई का निलम्बन वापस होने के बाद एवं अधिशासी अभियंताओं के सेवानिवृत्त होने के बाद जनकार्य विभाग में बढ़ रहे काम के बोझ को हल्का करने के लिये नगर आयुक्त अरुण प्रकाश ने नया आदेश जारी कर दिया हैं।

इसमें कार्य विभाजन के साथ ही निर्माण कार्यों की जांच का दायित्व भी अवर अभियंताओं को सौंप दिया। जबकि शासनादेश के अनुसार निर्माण कार्यों की जांच का दायित्व सहायक अभियंता व अधिशासी अभियंता का होता हैं। इसको लेकर ठेकेदारों में तीखा आक्रोश हैं। मंगलवार को ठेकेदार इस सम्बंध में नगर आयुक्त से बात करने कार्यालय पहुंचे, लेकिन नगर आयुक्त के न मिलने पर सभी ने इस मामले में बैठक कर रूपरेखा तैयार करने पर सहमति जताई हैं।

दैनिक अमर उजाला झांसी (उ0 प्र0)

## पहले खिंचवाई फोटो, फिर कराई नालियों की सफाई

झांसी। नगर आयुक्त अरुण प्रकाश ने मंगलवार को तीन वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान गंदगी से पटी नालियों की फोटो खिंचवाने के बाद सफाई कराई गईं।

नगर आयुक्त ने वार्ड नंबर 32 नंदन पुरा द्वितीय, वार्ड नंबर 34 नंदन पुरा व वार्ड नंबर 16 ईसाई टोला द्वितीय का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर मंडलायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी नालियों की सिल्ट साफ कराई गई। सफाई के पूर्व की फोटोग्राफी कराई गई। साथ ही सफाई के बाद फोटो कराई गई। इस दौरान नगर आयुक्त ने क्षेत्र के पार्षद और मुहल्ले में रहने वाले संभ्रात नागरिकों के मोबाइल नंबर भी लिए। उन्होंने क्षेत्र में जहां नाली के ऊपर पत्थर ढंका था अथवा चबूतरा बना था, वहां से पत्थर हटाकर तथा चबूतरे के नीचे नाली की सफाई कराई। सफाई कर्मचारियों की हाजिरी भी चेक की। ज्यादातर सफाई कर्मी उपस्थित रहे। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। (ब्यूरो)

आयुक्त महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

आयुक्त
झाँसी मण्डल, झाँसी

# कार्यालय उप निदेशक, सूचना, झांसी मण्डल, झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस-निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक राष्ट्रबोध झांसी (उ0 प्र0) दिनांक 19 NOV 2014

## चिकित्सालय में साफ-सफाई हो तो बीमार को बीमारी से लड़ने की मिलेगी ताकत : डीएम

### जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव की कम प्रगति पर जताई नाराजगी

**झाँसी।** आप चाहें तो आपका चिकित्सालय व परिसर विकास भवन की तहर स्वच्छ रह सकता है। बस आप को सम्भाव में सफाई एवं स्वच्छता को शामिल करना होगा। यह प्रयास तो करें। निरीक्षण के दौरान अनेकों बार अस्पताल में गन्दगी का अंबार पाया गया, विकास खण्ड स्तर के चिकित्सालय में व आस-पास ढेरों गन्दगी देखी जाती है। यदि चिकित्सालय में साफ-सफाई हो तो बीमार को बीमारी से लड़ने की ताकत मिलेगी। यह बात जिलाधिकारी अनुराग यादव ने विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य मिशन बैठक की अध्यक्षता करते हुए चिकित्सकों से कही।

जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और समस्त एमओआईसी को निर्देश दिये कि क्षेत्र में भ्रमण करें व ऐसे उपकेन्द्र जहां संस्थागत प्रसव हेतु महिलायें नहीं आ रही उनकी जानकारी लें। उन्होंने भ्रमण की फोटोयुक्त रिपोर्ट दिये जाने के निर्देश दिये और कहा कि नवम्बर माह में जब संस्थागत प्रसव में प्रगति होगी। तदोपरांत ही वेतन निर्गत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सभी सुविधायें दे रही है फिर क्यूं संस्थागत प्रसव लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम है। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्यि केन्द, प्राथमिक चिकित्सालय व उपकेन्द्रों के वार्ड में जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत महिलाओं को दी जाने वाली जानकारी समस्त सुविधाओं की जानकारी बाल पेंटिग्स के माध्यम से प्रचारित करायी जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी व सीएमओ का मोबाइल नं. भी लिखा जाये। स्वास्थ्य समिति की बैठक मात्र सूचनाओं का आदान प्रदान तक सीमित न रहे। स्वास्थ्य की बैठक में कार्य हो ताकि गरीब को लाभ मिल सके। उन्होंने जनपद में कितनी एनीमिक महिलायें हैं, उसका डेटा कहाँ है ? जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सक अपने दायित्वों को समझें। मरीज से सहानुभूति पूर्वक बात करें और ईलाज करें ताकि वह शीघ्र स्वस्थ्य हो सके।

जिलाधिकारी अनुराग यादव ने जिला स्वास्यि समिति की बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि नई इमारतों को जब तक हैण्डओवर न किया जाये। जब शौंचालय के नलों में पानी आ रहा है और उसकी निकासी सही ढंग से हो रही हो। यह कार्य 10 दिन तक किया जाये। इसके बाद छत पर पर्याप्त पानी भरकर यह देखा जाये कि सही दीवारों में पानी नहीं आ रहा। जब आप संतुष्ट हो जायें उसके बाद ही इमारत को कब्जे में लें। उन्होंने संस्था लो निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, सीएण्डडीएस, समाज कल्याण निर्माण निगम, पैक फेड के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है तो व्यय इतना कम क्यूं है। कार्य में तेजी लायें और नियत समय में कार्य पूर्ण करें। इस मौके पर सीएमओ डा. विनोद यादव, डीआईओएस डा. आईपीएस सोलंकी, डा. एमके जैन, डा. एके जैन सहित समस्त एमओआईसी व स्टाफ उपस्थित रहा।

आयुक्त महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

आयुक्त
झाँसी मण्डल, झाँसी